CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 03-25-2026 22:16 Color:

नई दिल्ली › **गुरुवार, 26 मार्च 2026** › चैत्र 5 शक संवत 1948 चैत्र शुक्ल अष्टमी, विक्रम संवत 2083

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 71 › पेज 16 › मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
*मासिक खरीद पर ही लागू


www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



**सिंगापुर पुलिस ने जुबिन की मौत को बताया हादसा**
▶ देखें अंदर



**सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर**
▶ देखें अंदर



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 03-25-2026 22:44 Color:



# हरीश अब सिर्फ यादों में, परिवार ने दी अंतिम विदाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



परिवार, रिश्तेदार और ब्रह्मकुमारी दीदी की मौजूदगी में ग्रीन पार्क श्मशान घाट में हुआ हरीश राणा का अंतिम संस्कार।

**निष्क्रिय दया** मृत्यु के बाद हरीश राणा पंचतत्व में विलीन हो गए। बुधवार को माता पिता, परिवार, रिश्तेदार, ब्रह्मकुमारी दीदी की मौजूदगी में ग्रीन पार्क श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान माहौल भावुक हो गया था, उपस्थित लोगों के चेहरे पर उदासी झलक रही थी। भाई ने मुखाग्नि दी। पिता अशोक राणा चुप थे, मास्क लगाए हुए थे, लेकिन उनकी आंखें अपने बेटे के जाने की पीड़ा बयां कर रही थी। बेटे को आखिरी बार विदाई देते हुए अशोक राणा ने न शोक मनाने और न ही रोने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनका बेटा हरीश एक अच्छा बेटा था, वहीं हरीश की मां निर्मला देवी ने हाथ जोड़कर अपने बेटे को भावुक विदाई दी।



हरीश राणा

दरअसल, निष्क्रिय दया मृत्यु के प्रोसेस के तहत मंगलवार की शाम को हरीश ने अंतिम सांस ली। इसके बाद माता पिता की इच्छा के अनुसार हरीश का हार्ट वॉल्व और कॉर्निया डोनेट किया गया। बुधवार की सुबह एम्स दिल्ली से हरीश राणा का पार्थिव शरीर ग्रीन पार्क ग्रउंड श्मशान घाट लाया गया। हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार किया गया। अपने बेटे को आखिरी बार विदाई देते हुए, हरीश राणा के माता-पिता ने उनके जीवन को याद किया और शोक मनाने वालों से नहीं रोने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अब एक खुशहाल जगह पर है और वह एक अच्छा बेटा था।

यह देश में निष्क्रिय दया मृत्यु प्राप्त करने वाला पहला मामला है। हरीश राणा 13 साल से अधिक समय से कोमा में थे। एक एक्सिडेंट की वजह से उनकी यह स्थिति बन गई थी। जिसके बाद परिवार ने भरसक प्रयास किया, देश के हर अस्पतालों तक पहुंचे, जहां पर इलाज की उम्मीद जगी। लेकिन हर प्रयास नाकामी रहा, हर उम्मीद टूट गई। लंबी जद्दोजहद के बाद परिवार ने एक दशक से ज्यादा समय तक हरीश की इस लड़ाई में साथ दिया, उसके दर्द को समझा, हर प्रयास किया कि कैसे भी वह फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो जाए। लेकिन थक हार कर पिता और परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में उसकी निष्क्रिय दया मृत्यु की गुहार लगाई, जिसे कोर्ट ने समझा और ऐतिहासिक आदेश जारी किया।

## जज पर FIR की मांग, HC से फटकार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक वादी को न्यायिक अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए रिट याचिका दाखिल करने पर बुधवार को कड़ी फटकार लगाई और कोर्ट की फुटेज को बिना इजाजत शेयर करने पर चेतावनी दी।

> कोर्ट का विडियो यू-ट्यूब पर लीक करने को लेकर चेतावनी दी

चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और जस्टिस तेजस कारिया की डिवीजन बेंच ने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी मौजूदा जज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की अनुमति प्रशासनिक पक्ष पर चीफ जस्टिस से मांगी जानी चाहिए, न कि बेंच के न्यायिक आदेश के जरिए। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि इस तरह के अनुरोध के लिए रिट याचिका गलत रास्ता है।

## आज से तेज़ हवाओं, हल्की बारिश का दौर



PTI

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**एक बार** फिर दिल्ली में मौसम का रुख बदलने जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 मार्च से 30 मार्च के बीच दिल्ली-एनसीआर में बादल छाए रहने, हल्की बारिश और तेज हवाओं के साथ गरज-चमक की संभावना है। हालांकि, इस बार तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आएगी, 29 मार्च तक तापमान 32-34 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, वहीं न्यूनतम तापमान 17 से 20 डिग्री के बीच रहेगा। महीने के आखिर यानी 30-31 मार्च को तापमान 29-31 तक जा सकता है, यानी कुछ राहत मिलेगी। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 'सामान्य' बना हुआ है। बुधवार को एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) 182 पर रहा, एक दिन पहले यह 192 पर था। सेंट्रल पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने 47 पल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशन में से 44 स्टेशन का डेटा जारी किया। इनमें से 12 स्टेशन में एक्यूआई 200 पार था यानी 'खराब' स्तर पर।

### धूल पर लगाम के नियम 1 अप्रैल से

**NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) अब धूल पर फोकस करने वाली है। कमिशन का कहना है कि उसने इस पर कंट्रोल के लिए कई निर्देश, अडवाइजरी जारी किए हैं और अब नए निर्देश जारी किए हैं, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे।





## स्पीकिंग ट्री रिट्रीट

**योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में**

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। **योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी** के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ्य एकात्र रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



**स्थान** परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश

**तिथि** 27 से 30 मार्च 2026

**शुल्क मात्र** ₹12,999 प्रति व्यक्ति

**सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें।**

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नीचे दिए गए नंबर पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल व्हट्सऐप पर भेजें।

**9910475909**

NBT नवभारत टाइम्स | रंगमंच




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 26-03-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: cci Time: 03-25-2026 22:31 Color:



# 13वीं मंज़िल से गिरकर बिज़नेसमैन की हुई मौत

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव

**गुड़गांव के** सेक्टर-63 में पारस स्क्वायर बिल्डिंग में बुधवार सुबह 54 वर्षीय व्यक्ति की 13वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। पता चला कि बेंगलुरु के आनंद सुब्बाराव एक एडवरटाइजमेंट कंपनी में पार्टनर थे। वह बिजनेस के सिलसिले में गुड़गांव रहते थे। यहां संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है कि यह एक हादसा है, आत्महत्या है या फिर इसके पीछे कोई साजिश है। पुलिस ने उनके परिवार को सूचना दे दी है। पुलिस के अनुसार आनंद वाटिका सिटी सेक्टर-49 में रह रहे थे। वह तलाकशुदा थे। यहां गुड़गांव में अकेले रहते थे।

पारस स्क्वायर बिल्डिंग में कई अपार्टमेंट और होटल हैं। बताया जा रहा है कि आनंद मंगलवार शाम यहां पहुंचे और इसी बिल्डिंग के होटल में ठहरे थे। सुबह लोगों ने उन्हें नीचे गिरे देखा। सुबह 6:45 बजे पुलिस को सूचना दी गई। सेक्टर-65 पुलिस मौके पर पहुंची। आशंका है कि आनंद सुबह होटल के कमरे की बाल्कनी से नीचे गिरे हैं।



### डिप्रेशन के शिकार थे

पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बिजनेस विजिटर के रूप में यहां रुके थे। पुलिस मोबाइल और अन्य सामान की जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि आनंद डिप्रेशन के शिकार थे। पुलिस पारस स्क्वायर बिल्डिंग में रहने वाले लोगों और वहां काम करने वालों से भी पूछताछ कर रही है।

# पंजाबी बाग में धू धू कर जली कार

■ **NBT न्यूज, पंजाबी बाग:** पंजाबी बाग थाना इलाके में बुधवार दोपहर चलती गाड़ी में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते गाड़ी धू धू कर जलने लगी। मौके पर पहुंची आग बुझाने वाली गाड़ी ने आग पर काबू पाया। हालांकि आग लगते ही कार सवार गाड़ी से उतरकर अपनी जान बचाने में सफल रहा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
वन एवं वन्यजीव विभाग

वन एवं वन्यजीव विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा रिज क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यों के निष्पादन एवं निगरानी हेतु सेवानिवृत्त वन अधिकारियों (ACF/Forest Ranger/Dy. Range Officer/Forester) से संविदा आधार पर सलाहकार के रूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

कुल पदः 20 (ACF-02, Forest Ranger/DRO-06, Forester-12)
आवेदन की अंतिम तिथिः 17.04.2026

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसाइट देखें।
(https://tinyurl.com/2rrtcsvu)

DIP/Shabdarthi/Classified/0479/25-26

# कारोबारी के घर 60 लाख की चोरी

■ नवीन निश्चल, हरि नगर

**वेस्ट डिस्ट्रिक्ट** के हरि नगर थाना इलाके के वीरेंद्र नगर कॉलोनी में एक बिजनेसमैन के घर में दिन दहाड़े चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित राजन खन्ना ने बताया कि स्कूटी से आया चोर 15 मिनट के अंदर लगभग 60 लाख की चोरी की वारदात कर गया। चोर लॉकर से 43 तोले गोल्ड, डायमंड की जूलरी, करीब 2 किलो चांदी और 3.25 लाख रुपए ले गए।

यह वारदात मंगलवार दोपहर 3:32 से 3:47 के बीच हुई। घटना के समय घर के लोग झंडेवालान मंदिर गए थे। घर लौटे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। लॉकर खुले थे, बेड पर जूलरी के खाली बॉक्स मिले। फिर तुरंत परिवार के लोगों ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला। देखा कि स्कूटी पर सवार होकर, सर पर कैप पहने एक युवक घर में घुसा था। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि आरोपी चोर ने एक होटल के पास जाकर बैग को अपने दूसरे सहयोगी को दे दिया और दूसरे रास्ते से निकल गया।

# विधानसभा को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

■ **NBT रिपोर्ट, विधानसभा:** मंगलवार को विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी को लेकर तफ्तीश किसी नतीजे पर पहुंची भी नहीं थी कि बुधवार को फिर से धमकी भरा ईमेल आ गया। बुधवार सुबह विधानसभा के आधिकारिक ईमेल आईडी पर धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया कि परिसर के भीतर 16 RDX IED लगाए गए हैं। इसे भेजने वाले ने चेतावनी दी कि बुधवार दोपहर 1:40 बजे धमाका हो जाएगा। मेल मिलते ही दिल्ली पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीम ने विधानसभा परिसर की गहन जांच शुरू कर दी। हालांकि कुछ भी संदिग्ध सामान जांच में नहीं मिला। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मेल में लिखा था कि हम संपत्ति का नुकसान करना चाहते हैं इंसानों का नहीं, इंसानों को हटा लें।

SHIRT TROUSER & JEANS SALE
upto 60% off
Spl. Range of Casual Shirts
Formal & Party Wear
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | PARK AVENUE | ColorPlus | LOUIS PHILIPPE | Levi's
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in